## एक नजर में

### धूं-धूंकर जल उठी होली, लोगों ने एक-दूसरे को लगाया रंग



**महेश्वर, निप्र।** विभिन्न वार्डों और मोहल्ला के साथ विभिन्न पारंपरिक स्थानों पर मंगलवार की सुबह लगभग 5 बजे नगर केहोलिका दहन किया गया। सर्वप्रथम भवानी माता मंदिर परिसर तथा राजवाड़ा परिसर में पारंपरिक रूप से होली दहन किया गया। जिसके बाद पाटीदार समाज द्वारा पाटीदार धर्मशाला उमिया माता मंदिर के समीप होली दहन किया गया। होली दहन के दौरान पाटीदार समाज के कई युवाओं ने एक दूसरे को रंग लगाते हुए होली की बधाई दी वहीं अन्य युवाओं ने समाज के वरिष्ठ जनों के चरण स्पर्श करते हुए आशीर्वाद लिया। समाज के वरिष्ठ जनों ने युवा हरी यारों को शुभकामनाएं दी। होलिका दहन के दौरान पाटीकर समाज के वरिष्ठ व व्यापारिक संघ अध्यक्ष मथुरा लाल पाटीदार, महेश पाटीदार, अखिलेश पाटीदार, मनोज पाटीदार के साथ अन्य कई समाज के नागरिक, महिला एवं युवा साथी उपस्थित थे। मंगलवार को सुबह 9:00 बजे ग्रहण का सूतक होने के कारण कई लोगों ने एक दूजे को होलि का रंग नहीं लगाया साथ ही घर पर ही भगवान का नाम स्मरण करते हुए होली उत्सव मनाया।? होलिका दहन और होली पर्व के अवसर पर प्रेस क्लब अध्यक्ष अखिलेश पाटीदार ने सभी समाज जनों को होली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए पाटीदार समाज तथा संपूर्ण नगर वासियों के लिए होली विभिन्न रंग और उत्साह लेकर आए ऐसी शुभकामनाएं दी।

**8 मार्च को निकलेगी नंप की गेर :-** रंग पंचमी नगर में 8 मार्च को मनाई जाएगी। परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि गजराज यादव, उपाध्यक्ष सचिन शर्मा, सीएमओ प्रियंका पंड्या ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी नगर परिषद के द्वारा 8 मार्च की सुबह 9:00 बजे गांधी चौक रणजीत हनुमान मंदिर परिसर से विशाल अवस्था में गैर निकल जाएगी जिसमें नगर के सभी लोग उत्साहपूर्वक शामिल होकर एक दूसरे का रंग लगाते हुए स्वागत सम्मान करेंगे। नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि और अन्य पदाधिकारी ने समस्त नगर वासियों से गैर में शामिल होने का आवाहन किया।

### जन-जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को बताया जा रहा है कि श्रद्धा के साथ स्वच्छता भी जरूरी है

**बड़वाह, निप्र।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बड़वाह इकाई के द्वारा विकासार्थ विद्यार्थी एसएफडी रेवा सेवा अभियान के तहत ग्राम पंचायत नावघाट खेड़ी स्थित मां नर्मदा के उत्तर तट पर, घाटों पर आने वाले लोग अक्सर पाउच, पानी की बोतल या पॉलिथीन छोड़ जाते हैं। जन-जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को बताया जा रहा है कि श्रद्धा के साथ स्वच्छता भी जरूरी है। युवाओं द्वारा नर्मदा घाट में जल को संरक्षित स्वच्छ रखने साफ सफाई की गई। भाग संयोजक क्रिस ढाकसे छात्र अक्षत शर्मा, अन्य जोशी ने कहा कि अगर हम मां के जल और घाटों में कचरा डालते हैं, तो वह आस्था और श्रद्धा के विपरीत है। श्रद्धा अच्छी है, लेकिन स्वच्छता उससे भी ज्यादा जरूरी है।युवाओं द्वारा नर्मदा घाट में जल को संरक्षित स्वच्छ रखने साफ सफाई की गई साथ ही स्थानी जनों को भी जल को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित




किया गया नर्मदा घाट में साबुन सोडा शैंपू आदि का उपयोग ना करना की अपील की गई ।जिससे कि जल दूषित हो क्योंकि प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी पर्यावरण को स्वच्छ रखने की है। हर व्यक्ति आज संकल्प ले कि घाट पर आने के बाद भी कचरा अपने साथ ले जाएगा और कोई भी पॉलीथिन या गंदगी न छोड़ेंगे स्वच्छता अभियान से जुड़े जतिन तोमर, आयुष हिरवे, चेतन दुबे ने कहा, 'त्वदीय पाद पंकजम, नमामि देवी नर्मदा।' उनका कहना था कि नर्मदा तट पर नारियल फोड़ना या स्नान करना केवल दिखावे का पुण्य नहीं है। असली पुण्य तब मिलता है, जब हम मां के आंचल को पवित्र बनाए रखें और वहां गंदगी न फैलाएं। उन्होंने लोगों से कहा कि हर व्यक्ति आज संकल्प ले कि घाट पर आने के बाद भी कचरा अपने साथ ले जाएगा और कोई भी पॉलीथिन या गंदगी न छोड़ेंगे। ऐसा करने से न केवल घाट और नदी का वातावरण स्वच्छ रहेगा, बल्कि हमारी आस्था भी और मजबूत होगी।

### सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए मिशन मोड में HPV वैक्सीनेशन

**सनावद, निप्र।** मध्य प्रदेश सरकार के स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान में तेजी आ गई है। सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों को निशुल्कHPV वैक्सीन (सिंगल डोज) लगाई जा रही है। प्रदेश में कुल 8 लाख किशोरियों को कवर करने का लक्ष्य है, जिसमें ग्रामीण इलाकों की बालिकाओं की संख्या अधिक होने से वहां विशेष सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 28 फरवरी 2026 को अजमेर (राजस्थान) से राष्ट्रव्यापी अभियान का शुभारंभ किया गया था। मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इसे वर्चुअली लॉन्च किया और कहा, 'यह बेटियों के सुरक्षित भविष्य की दिशा में बड़ा कदम है। अभिभावक अपनी किशोरियों का टीकाकरण जरूर करवाएं।

**स्वास्थ्य विभाग के अनुसार :**

**पात्रता :** 14 वर्ष पूर्ण कर चुकी और 15 वर्ष से कम आयु की बालिकाएं (अभियान के 90 दिनों में 15 वर्ष होने वाली भी शामिल)।

**स्थान :** सरकारी स्वास्थ्य केंद्र जैसे PHC, CHC, जिला अस्पताल, मेडिकल कॉलेज, स्कूलों में विशेष सत्र।

**लागत :** बाजार में एक डोज करीब 4,000 रुपये की, लेकिन यहां पूरी तरह मुफ्त।

**अवधि :** तीन महीने (मिशन मोड में), केंद्र से 7.58 लाख से अधिक डोज प्राप्त हो चुकी हैं।

**प्रगति :** के अनुसार देखे तो खरगोन जिले में पहले दिनों में सैकड़ों किशोरियों को टीका लगाया जा चुका है।

त्योहारों के बावजूद विशेष कैंप लगाए गए। एक्सपर्ट्स का कहना है कि HPV वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर का मुख्य कारण ह्यूमन पैपिलोमा वायरस से 90% से अधिक बचाव करती है। यह WHO-अप्रूव्ड और सुरक्षित है। सनावद में निकटतम स्वास्थ्य केंद्र या आशा कार्यकर्ता/ANM से संपर्क करें। U-WIN पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन भी संभव है। अपनी बेटियों को इस घातक बीमारी से बचाने का यह सुनहरा मौका है।

### आग की लपटों में जली 7 एकड़ रकबे की गेहूं फसल, दमकल वाहन से पाया काबू

**खरगोन, निप्र।** शहर सीमा से लगे ग्राम गोपालपुरा में बुधवार दोपहर उस वक्त भगदड़ सी स्थिति निर्मित हो गई, जब यहां अचानक एक खेत में लगी आग आसपास के खेतों में पहुंचने लगी। खेत मालिक सहित ग्रामीणों ने आग बुझाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन नाकाम रहे। खरगोन से पहुंचे दमकल वाहन ने आग पर काबू पाया। हालांकि दमकल के पहुंचने तक मामा-भांजे के दो अलग-अलग खेतों में करीब 7 एकड़ रकबे की गेहूं फसल आग में जलकर नष्ट हो गई। खेत मालिकों ने दमकल वाहन के देरी से पहुंचने का आरोप लगाया। खेत मालिक इस्माइल ने बताया वे घर पर थे दोपहर करीब 2.30 बजे खेत में आग लगने की सूचना मिली। खेत पड़ोसियों ने खरगोने दमकल वाहन को फोन लगाया था, लेकिन सूचना के करीब एक घण्टे बाद वाहन पहुंचा, जिससे करीब 6 एकड़ रकबे की फसल जलकर नष्ट हो गई। एक अन्य खेत मालिक नौशाद ने बताया पड़ोस में मामा के खेत में लगी आग हमारे खेत तक आ पहुंची। जिससे हम दो भाइयों के हिस्से की जमीन में करीब एक एकड़ की फसल जल गई है। आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है।

# बड़वाह के अंकित बने सफल खाद्य प्रसंस्करण उद्यमी

## प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना अंतर्गत स्थापित किया 'आईजी गुलकंद' ब्रांड

नवभारत न्यूज


**बड़वाह, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य शासन द्वारा किसानों के सशक्तिकरण के माध्यम से प्रदेश के सर्वांगीण विकास की परिकल्पना की गई है। इसी अनुक्रम में वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है।

इसके अंतर्गत खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में सफल उद्यमी बनाने की दिशा में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना का सफल संचालन किया जा रहा है, जिससे इसके लाभार्थी युवा उद्यमिता की प्रेरणा बन रहे हैं। खरगोन जिले के बड़वाह विकासखंड के ग्राम नांदिया के युवा अंकित परिहार ने उद्यानिकी और प्रसंस्करण के संयोग से ग्रामीण उद्यमिता की एक प्रेरक मिसाल पेश की है। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के अंतर्गत प्राप्त




सहायता से वे परिहार फूड इंडस्ट्रीज स्थापित कर एक सफल उद्यमी बने हैं। इनके 'आईजी गुलकंद' ब्रांड ने गुणवत्ता और शुद्धता के आधार पर बाजार में अच्छी पहचान बनाई है। निमाड़ अंचल से विपणन शुरू कर 'आईजी गुलकंद' की मांग अब स्थानीय बाजार के अलावा राजस्थान और महाराष्ट्र तक पहुंच चुकी है, जहां से इसका नियमित रूप से एक्सपोर्ट किया जा रहा है। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के अंतर्गत अंकित परिहार को एचडीएफसी बैंक के माध्यम से 4 लाख 46 हजार रुपये का ऋण तथा 1 लाख 73 हजार रुपये की सब्सिडी प्राप्त हुई, जिससे उन्होंने गुलकंद उत्पादन इकाई को सशक्त बनाया है।

वे स्वयं सुगन्धित अजमेरी गुलाब की खेती करते हैं और आसपास के कृषकों से गुलाब खरीदकर उन्हें भी उचित मूल्य सुनिश्चित करते हैं। उनके इस



गुलकंद उद्योग से 12 व्यक्तियों को प्रत्यक्ष रोजगार मिल रहा है। इस उद्योग में वर्तमान में प्रतिमाह लगभग 12 टन गुलकंद का उत्पादन हो रहा है, जिसका बाजार मूल्य लगभग 7 लाख 20 हजार रुपये है। सभी खर्चों के बाद उन्हें लगभग 80 हजार रुपये प्रति माह का शुद्ध मुनाफा प्राप्त हो रहा है। अंकित परिहार की यह सफलता की कहानी दर्शाती है कि यदि कृषक खेती के साथ प्रसंस्करण और ब्रांडिंग पर ध्यान दें, तो वे न केवल अपनी आय बढ़ा सकते हैं, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी सृजित कर सकते हैं।

आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत संचालित इस योजना के अंतर्गत खाद्य प्रसंस्करण इकाई की स्थापना पर अधिकतम 10 लाख रुपए की सीमा तक 35 प्रतिशत अनुदान और 3 प्रतिशत ब्याज माफ का प्रावधान है। कृषक कल्याण वर्ष 2026 में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में सतत और समावेशी विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य के वार्षिक बजट 2026-27 में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के लिए 200 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। यह वित्तीय वर्ष 2025-26 के पुनरीक्षित अनुमान 169 करोड़ 11 लाख रुपए से लगभग 18.25% अधिक है। युवा, कृषक, और छोटे व्यवसायी व्यक्तिगत स्तर पर, तथा किसान उत्पाद संगठन, स्वसहायता समूह और उत्पादक सहकारी समिति खरगोन के उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग से संपर्क कर नए औद्योगिक इकाइयों की स्थापना अथवा मौजूदा इकाइयों के उन्नयन के लिए योजना अंतर्गत वित्तीय और तकनीकी सहायता प्राप्त कर सकते हैं। आवेदकों की सुविधा की दृष्टि से डीपीआर तैयार करने और दस्तावेज संबंधी सहायता के लिए जिला रिसोर्स पर्सन रखे गए हैं।

## जय खाण्डेराव महाराज : जय मल्हार के जयकारों से गूंजा कसरावद

**कसरावद, निप्र।** नगर कसरावद में भवानी माता चौक पर सदियों पुरानी आस्था और परंपरा का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। लगभग 900 वर्षों से चली आ रही गाड़े खींचने की परंपरा इस वर्ष भी पूरे श्रद्धा-भाव और उत्साह के साथ संपन्न हुई। धुरेड़ी के दिन आयोजित होने वाला यह आयोजन इस बार चंद्र ग्रहण के कारण एक दिन बाद किया गया।



जैसे ही 'जय खाण्डेराव महाराज - जय मल्हार' के जयकारे गूंजे, पूरा नगर भक्तिमय वातावरण में डूब गया। इस आयोजन की तैयारी कई दिनों पहले से ही शुरू हो जाती है। गाड़े खींचे जाने वाले दिन नगर की माताएँ-बहनें, पुरुष और छोटे-छोटे बच्चे सबसे पहले गाड़ों की पूजा-अर्चना करते हैं। इसके बाद परंपरा अनुसार बढ़वा आकर एक साथ गाड़ों को खींचता है। उस समय का दृश्य ऐसा प्रतीत होता है मानो स्वयं भगवान शिव की दिव्य शक्ति उन गाड़ों को आगे बढ़ा रही हो। नगर के अति प्राचीन श्री गांगलेश्वर महादेव मंदिर की पहाड़ी पर स्थित खाण्डेराव भगवान के पगले है जहाँ पर सबसे पहले बढ़वा श्री राम यादव नारियल फोड़कर पूजा करता है। यहीं से खाण्डेराव महाराज की आज्ञा प्राप्त होने के बाद गाड़े खींचने की परंपरा प्रारंभ होती है। बताया जाता है कि बढ़वा पांच दिनों तक कठोर तपस्या और उपवास करता है। उसी तप और भक्ति के प्रभाव से खाण्डेराव महाराज की शक्ति के माध्यम से गाड़े आगे बढ़ते हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार खाण्डेराव महाराज भगवान शिव के अवतार माने जाते हैं, जो माता पार्वती के साथ सफेद घोड़े पर सवार होकर भक्तों की रक्षा करते हैं। इस परंपरा का उल्लेख पुराणों में भी मिलता है, जिससे इसकी प्राचीनता और महिमा और भी बढ़ जाती है। इस अद्भुत धार्मिक आयोजन को देखने के लिए नगर सहित आसपास के हजारों श्रद्धालु पहुंचे। वहीं नृत्य-संगीत मंडलियाँ भी इस आयोजन का आकर्षण बनी रहीं, जिससे पूरा वातावरण उत्सवमय हो उठा।

नगर परिषद द्वारा प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई और पेयजल की उत्तम व्यवस्था की गई। साथ ही थाना प्रभारी राजेन्द्र बर्मन के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन ने कानून-व्यवस्था को सुचारु रूप से संभाला। मंडलेश्वर एसडीओपी मैडम श्वेता शुक्ला, नगर परिषद सीएमओ कमलेश गोले, एसडीएम कार्यालय, पुलिस थाना, नगर परिषद का स्टाफ तथा नगर के समाजबंधु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## सिंचाई विद्युत मोटर के तार चोरी करने वाले गिरफ्तार

**खरगोन, निप्र।** खेतों में सिंचाई के लिए लगी विद्युत मोटर से तार चोरी करने वाले दो चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनमें एक नाबालिग है। आरोपियों के कब्जे से 7.5 किलो केबल वायर जब्त किया है।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 1 फरवरी को ग्राम सोलना रोड पर स्थित किसानों के खेतों से कृषि कार्य में लगी मोटर से केबल



वायर चोरी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। विवेचना के दौरान ग्राम मेहरखट्टी के रहने वाले राजेश उर्फ राजा पिता गुलाबसिंह अवासे निवासी ग्राम मेहरखट्टी एवं ग्राम जोजनखेडी के विधिविरुद्ध बालक को संदेह के आधार पर अभिरक्षा में लिया। पूछताछ में उन्होंने केबल चोरी करना स्वीकारा। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वह केबलों को जलाकर उनमें से तांबे के तार निकालकर छिपाकर रखे है। आरोपियों की निशानदेही पर लगभग 7.5 किलोग्राम वजनी तांबे के तार जब्त किए है।

## रंग पंचमी पर भव्य फाग उत्सव, निकलेगी ऐतिहासिक गेर

**बड़वाह, निप्र।** संस्था नवसृजन एवं राकेश गुप्ता मित्रमंडल के द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी रंग पंचमी की पूर्व संध्या को दिनांक 7 मार्च 2026 को नगर पालिका प्रांगण में भव्य फाग उत्सव मनाया जाएगा एवं रंग पंचमी के दिन दिनांक 8 मार्च 2026 को ऐतिहासिक श्री राधाकृष्ण फाग यात्रा (रंगारंग गैर) निकाली जाएगी।

संस्था नवसृजन के संयोजक राकेश गुप्ता ने बताया कि संस्था नवसृजन के द्वारा विगत 22 वर्षों से रंगपंचमी उत्सव नगर में मनाया जा रहा है। इस वर्ष भी रंगपंचमी की पूर्व संध्या पर दिनांक 7 मार्च को नगर पालिका प्रांगण में फाग



उत्सव मनाया जाएगा जिसमें वृंदावन के कलाकारों के द्वारा ब्रज की होली एवं अन्य प्रस्तुतियां दी जाएंगी । इसी क्रम में दिनांक 8 मार्च को प्रात: 10 बजे से नागेश्वर मंदिर से श्री राधाकृष्ण फाग यात्रा (रंगारंग गैर) निकाली जाएगी जिसमें भगवान श्री राधा कृष्ण की झांकी, आदिवासी मांदल, रंग - गुलाल उड़ाने वाली मशीन, ढोल ताशे, भजन मंडली रहेगी । श्री गुप्ता ने बड़वाह नगर एवं आसपास के क्षेत्र के रहवासियों से कार्यक्रम में पधारकर आनंद लेने का अनुरोध

## राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के अवसर पर एक जागरूकता व्याख्यान आयोजित

**मंडलेश्वर, निप्र।** भारतीय ज्ञान परंपरा के त्रैमासिक गतिविधियों के अन्तर्गत राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सुरक्षा, आपदा प्रबंधन तथा व्यक्तिगत सुरक्षा के प्रति जागरूक करना रहा।

महाविद्यालय के अकादमिक संचालक संजय गर्ग ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा केवल सीमा पर तैनात सैनिकों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। महाविद्यालय संचालक बीएम पाटीदार ने विद्यार्थियों से अपील की कि वे सुरक्षा नियमों का पालन करें और समाज में भी जागरूकता फैलाएं। मुख्य वक्ता प्रोफेसर राजू



काले ने अपने व्याख्यान में राष्ट्रीय सुरक्षा के विभिन्न आयामों—आंतरिक सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, आपदा प्रबंधन तथा सामाजिक जिम्मेदारी—पर विस्तार से प्रकाश डाला। 4 मार्च 1966 से प्रस्ताव को 1971 में अधिकारी रूप से विधिवत प्रतिवर्ष 4 मार्च को आयोजित किया जाता है। भारत अपने आसपास के बाह्य खतरों से तभी तक सुरक्षित है जब की आंतरिक एकता और एकजुटता सुदृढ़ है। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि छोटी-छोटी सावधानियां अपनाकर हम बड़ी दुर्घटनाओं से बच सकते हैं। व्याख्यान दिवस पर प्रोफेसर शिवपाल सिंह पटेल ने विद्यार्थियों को बताया कि भारत में अपनी सांस्कृतिक एकजुटता है, जबकि बाह्य रूप से विदेशियों को ऐसा लगता है कि भारत में इतनी असामान्यताएं है, एक साथ कैसे रह सकता है? जबकि वे भारत की आंतरिक सुदृढ़ता, एकजुटता से परिचित नहीं हैं। भारत सदियों से इसी विविधता के साथ एकजुट रहा है। विद्यार्थियों को आंतरिक सुदृढ़ता के लिए प्रमाणिक शास्त्रों का अध्ययन नियमित रूप होना चाहिए। विधा प्रमुख प्रोफेसर हरिवल्लभ शास्त्री और कार्यक्रम संयोजक प्रो राजेंद्र पाटीदार उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने भी विचार प्रस्तुत किए। सभी ने सुरक्षा के प्रति सजग रहने का संकल्प लिया।

## होली पर निभाई रंग डालने की परंपरा, गमी वालें परिवारों में शुरु हुए शुभ कार्य



**खरगोन, निप्र।** जिले में होली पर गमगीन परिवारों में रंग डालने की अनोखी और सामाजिक सरोकार को बढ़ाने वाली परंपरा निभाई गई है। यहां होली दहन के बाद धुलेंडी पर गमी वाले परिवारों को रंगने के बाद, धूमधाम से होली मनाई जाती है। सुबह से ही टोलियों के रुप में समाजजन समाज के उन घरों पर पहुंचे, जहां वर्षभर में गमी हुई है। माना जाता है होली का रंग डलने के बाद गमी वाले परिवारों में मांगलिक एवं शुभ कार्यो की शुरुआत भी हो जाती है।

**एक नजर में** | कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब के अध्यक्ष ला.भागचंद जैन ने की

# लायंस क्लब सनावद स्नेह की आधिकारिक यात्रा संपन्न

नवभारत न्यूज

**सनावद, निप्र।** लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 जी-1, रीजन- 11, झोन-1 लायंस क्लब सनावद स्नेह की आधिकारिक यात्रा डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ला.अनिल खंडेलवाल के मुख्य आथित्य में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब के अध्यक्ष ला.भागचंद जैन ने की।

ध्वज वंदन ला.सपन जैन ने किया। खंडेलवाल ने लायंस क्लब सनावद स्नेह की सामाजिक गतिविधियों की प्रशंसा की और अध्यक्ष भागचंद जैन एवं क्लब एलसीआईएफ डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर ला. अनिता जैन को इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट पिन और डिस्ट्रिक्ट सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानीत किया। खंडेलवाल ने अध्यक्ष ला.भागचंद जैन की सेवा भावना की सराहना की और कहा कि क्लब द्वारा 3 यात्री प्रतीक्षालय की स्थापना, 11 नवीन लायंस क्लब का गठन एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए 56 सौ पौधों का सफलतापूर्वक रोपण किया गया है। इसी प्रकार क्लब द्वारा जरूरतमंद लोगों की मदद और रचनात्मक सामाजिक कार्यों की



दिशा में निरंतर सेवा गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। विशेष अतिथि रीजन चेयरपर्सन ला.राजीव मालवीय ने कहा कि पिछले दौरे के समय ला.अनिता जैन ने नगर में विभिन्न स्थानों पर लायंस क्लब के बोर्ड लगवाए थे और इस बार यात्रियों की सुविधा के लिए यात्री प्रतीक्षालय स्थापित किया है। लायंस क्लब सनावद स्नेह हमारा गौरव है। अतिथि के रूप में डिस्ट्रिक्ट सचिव ला. संजय डिंगडांग, रीजन सचिव घनश्याम वाधवा, ला. संतोष सोनी उपस्थित थे। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर का परिचय ला. अनिता चौधरी, सचिव प्रतिवेदन का वाचन ला.शिवानी मौर्य ने किया। स्वागत गीत ला.हेमन्त दातार ने प्रस्तुत किया। इस दौरान अतिथियों और लायन सदस्यों ने फाग उत्सव मनाया और सूखे रंग तथा फूलों की होली का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया। सदस्यों ने वेल ड्रेस और तंबोला खेल में भाग लिया। इस नपाध्यक्ष सुनीता बिर्ला, लायंस क्लब ओंकारेश्वर अनंत के अध्यक्ष ला.मुश्ताक मलिक, ला.डॉ.सुरेश रांका, ला.विपिन गुप्ता, ला. डॉ.श्वेता पंचोलिया, ला.बाबूलाल जैन, का.कैलाश पुरोहित, ला.गुरदीप भाटिया, ला. डॉ.आशा चौहान, भावना प्यासे, ला.सुधा लाठिया, ला.शांतिलाल जैन, अंगूरबाला जैन, ला.रजत जैन, ला. हितेश जैन, ला.अनुपमा वर्मा, आरती पाटील, दीपिका वर्मा, ला.अनुपमा जैन, ला. रेखा जैन, ला. कमल पटेल, ला. अजय मिश्रा, ला. विभूति जटाले आदि उपस्थित थे। संचालन अंतिम जैन ने किया और आभार राजेश जटाले ने माना।